# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 29.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 29.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकरपुर श्री दुर्गविजय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सरैया उ0नि0 श्री रामआधार सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राम लखन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम नरेश गुप्ता निवासी सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के कब्जे से 21 अदद क्वार्टर पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. चौकी प्रभारी सरैया उ0नि0 श्री रामआधार सिंह
2. आरक्षी मनोज कुमार
3. आरक्षी विनोद

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना सरधुवा पुलिस टीम ने लूट के आरोपी वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।
दिनाँक 24.09.2024 को वादी तिलक द्विवेदी पुत्र सुरेशचंद्र द्विवेदी निवासी रामपुर थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट द्वारा थाना सरधुवा पर सूचना दी कि वह अपने घरेलू कार्य से पहाड़ी गया था वापसी के दौरान अपने घर लौट रहा था तब चार पहिया अल्टो गाड़ी नंबर यूपी 96 पी 2347 सफेद कलर की गाड़ी में चार आदमी नहरा कुम्हर गढ़वा तिराहा के पास घात लगाए बैठे थे जैसे ही मोटरसाइकिल पर मेरे साथ पीछे बैठे माता बदल पुत्र शिवलाल निवासी रामपुर को अल्टो गाड़ी से उतरे कुमकुम उर्फ अखिलेश पुत्र राधाकृष्ण ब्राह्मण साथ में अभिलाष उर्फ राजा पुत्र राधे कृष्ण,अरविंद पुत्र भुल्लू, जितेंन्द्र उर्फ खूंटी पुत्र राम भवन निवासी ग्राम नहरा थाना सरधुवा ने कुल्हाड़ी,बरछी व लोहे की रॉड,लाठी से तावड तोड़ हमला कर दिया, जिससे मेरा सर फट गया एवं हाथ की उंगलियां फट गई एवं शरीर में कई चोटें आई और मैं जमीन पर गिर गया । सूचना पर मु0अ0सं0 152/24 धारा 115(2),351(2),309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 10.11.2024 को उ0नि0 श्री मुन्नीलाल थाना सरधुवा व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त कुमकुम उर्फ अखिलेश उपाध्याय उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । आज दिनाँक थाना सरधुवा पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त अरविन्द्र पुत्र भुल्लू निवासी ग्राम नहरा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री मुन्नीलाल थाना सरधुवा
2. आरक्षी सालिगराम
3. आरक्षी धर्मेन्द्र
4. आरक्षी महेन्द्र कुमार
5. आरक्षी चालक शक्ति सिंह

(5). मा0 न्यायालय सिविल जज(जू0डि0) कर्वी चित्रकूट के आदेश दिनांक 19.12.2024 के अनुपालन में के अनुपालन में आज दिनांक 29.12.2024 को आबकारी अधिनियम के अभियोगो को क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,सहायक अभियोजन अधिकारी श्री आकाश साहू,कार्यालय लिपिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्री राम बहादुर यादव,आबकारी निरीक्षक श्री नीरज वर्मा,प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल व प्रधान लेखक मुख्य आरक्षी चंद्रपाल की उपस्थिति में थाना रैपुरा परिसर में गढ्ढा खोदवाकर कुल 51 मुकदमा आबकारी अधिनियम के पंचनामा माल समिति के समक्ष नष्ट कराकर गढ्ढे में दबाकर विनिष्टीकरण कराया गया।

(6). आज दिनाँक 29.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि द्वारा पौष मास सोमवती अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। ब्रीफिंग में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को कहा गया कि सभी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे, कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा। ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें।
पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 05 जोन व 15 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 08 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी निरीक्षक, 16 निरीक्षक, 135 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 366 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 78 महिला कांस्टेबल, 04 उपनिरीक्षक यातायात, 40 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 0 1 पीएससी कंपनी 01 प्लाटून, 01 फ्लड पीएसी ,05 उपनिरीक्षक एलआईयू, 22 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू, 01 एसचैक टीम, 02 डॉग स्क्वायड, 01 बीडीडीएस,06 फायर टेण्डर,03 क्रेन की डियूटी लगाई गई है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स श्री अरविन्द वर्मा,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद एवं मेला में लगे समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।